**<u>न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट नं01, आजमगढ़।</u>**

सिविल अपील संख्या 114/2022

<u>अन्जनी नन्दन शर्मा बनाम यमुना आदि</u>

**<u>दिनांक 05.10.2024</u>**

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अन्जनी कुमार शर्मा की ओर से प्रार्थनापत्र दिनांकित 04.10.2024 मय शपथपत्र प्रस्तुत करते हुए विपक्षीगण पर तामिला जरिये स्थानीय अखबार से कराये जाने की अनुमति देने की याचना की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

अपीलार्थी की ओर से विपक्षीगण पर तामीला, जरिये प्रकाशन स्थानीय अखबार के माध्यम से कराये जाने की याचना की गयी है। अपीलार्थी ने जरिये डाक, सम्मन के माध्यम से हर सम्भव कोशिश विपक्षीगण पर तामीला हेतु की है किन्तु तामीला सम्भव नहीं हो पाया है। न्यायालय की राय में मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत अपील के सम्यक रूप से गुण–दोष के आधार पर निस्तारण के लिए विपक्षीगण पर तामीला किया जाना न्यायसंगत होगा। न्यायहित प्रार्थनापत्र 04.10.2024 स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

अपीलार्थी अन्जनी कुमार शर्मा की ओर से प्रस्तुत प्रार्थनापत्र दिनांकित 04.10.2024 स्वीकार किया जाता है। अपीलार्थी को विपक्षीगण पर तामिला हेतु क्रम से आने वाले सर्वाधिक प्रसार वाले स्थानीय अखबार में प्रकाशन कराये जाने की अनुमति दी जाती है। अपीलार्थी 03 कार्यदिवस के अन्दर विपक्षीगण पर तामीला हेतु पैरवी सुनिश्चित करे। पत्रावली वास्ते सुनवाई दिनांक 28.11.2024 को पेश हो।

**<u>दि० 05.10.2024</u>**

अपर जिला जज
कोर्ट नं०–01, आजमगढ़।

Digitally signed by SATISH CHANDRA
DWIVEDI
Date: 2024.10.05 15:57:41 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court